संख्या-50/918/84-डे0ई0-13-नि0-12/99टी0सी0

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 07 नवम्बर, 2013

विषय:- उत्तर प्रदेश सचिवालय सत्कार सेवा संस्था के कार्मिकों को वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस का भुगतान।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-वे0आ0-1-1030/दस-13-36(एम)/2008, दिनांक 10 अक्टूबर, 2013 में निहित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन उ0प्र0 हिन्दी संस्थान के कार्मिकों की अनुमन्यता के आधार पर उत्तर प्रदेश सचिवालय सत्कार सेवा संस्था के कार्मिकों को वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए 30 दिन के परिलब्धियों के बराबर तदर्थ बोनस का भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

2- उक्त स्वीकृत तदर्थ बोनस की धनराशि मानक मद-31 सहायक अनुदान-सामान्य (वेतन) में उपलब्ध धनराशि से आहरित कर भुगतान की जायेगी ।

3- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-ई-7-1260/दस-2013, दिनांक 31 अक्टूबर, 2013 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव ।

संख्या-50/918/84-डे0ई0-13तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, कले0 कम्पाउण्ड, लखनऊ।
3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1
4- उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप अनुभाग-1
5- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in